NE–992-A-B Seat No. _______

Third Year B. A. Examination

April / May – 2003

Hindi (Optional) : Paper-X

(New Course)

(१) विशेष साहित्यकार – निर्मल वर्मा

(२) पत्रकारिता

Time : **3** Hours] [Total Marks : **70**

(१) विशेष साहित्यकार – निर्मल वर्मा

१ उपन्यास कला के तत्वों के आधार पर 'वेदिन' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । १४

अथवा

१ ''यह उपन्यास स्मृतियों के माध्यम से महायुद्धों में झुलसे योरप और उसकी मानवीय नियति को बहुत ही निकटता से उद्‌घाटित करता है ।'' – 'वेदिन' उपन्यास के आधार पर इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । १४

२ कहानी कला के तत्वों के आधार पर 'मायादर्पण' कहानी की समीक्षा कीजिए । १३

अथवा

२ 'परिन्दे' कहानी का सार लिखते हुए उसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए । १३

३ ''चीडों पर चांदनी' वस्तुतः लेखक के निजी स्मृतिखण्डों को समेटने का प्रयास है ।'' – इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । १३

अथवा

३ 'वियना' संस्मरण का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । १३

४ किन्हीं **दो** पर संक्षेप में लिखिए : १२

(क) रायना का चरित्र

(ल) 'अंधेरे' कहानी की 'माँ' का चरित्र

(र) 'ब्रेख्त और एक उदासनगर' का केन्द्रीयभाव

(व) 'वेदिन' उपन्यास की भाषाशैली ।

५ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : १८

(अ) ''देखो कैसा अजीब है – जब हम बड़े हो जाते हैं, तो हमें बच्चों की वही चीजें सबसे ज्यादा पसंद आती हैं, जिन्हें वे बिलकुल नहीं चाहते और जिन चीजों को वे चाहते हैं, उनसे मुझे नफरत है ।''

अथवा

(अ) ''उसे अंग्रेजी ज्यादा नहीं आती थी लेकिन उसके चेहरे के हावभाव को देखकर मैं जान गया था कि यह असली बात समझ रहा है । यों भी बच्चे किसी चीज को समझने के लिए जुबान पर ज्यादा निर्भर नहीं रहते ।''

(आ) ''पापा । यह होटल का नाम है, टैक्सी तुम्हें सिर्फ दस मिनट में पहुँचा देगी ।''

अथवा

(आ) ''वह चुपचाप बिस्तर के पास चली आयी । अपने सूटकेस से एक पुराना तौलिया निकाला । फिस उसमें करीने से उन सब चीजों को लपेटा, जो वह उसके लिए छोड़ गया था । खिड़की के पास आकर उसने उन्हें बाहर अंधेरे में फेक दिया ।''

(इ) ''सेतु अपने में एक अच्छी चीज हो सकती है, मुश्किल यह है कि उस पर किसी अच्छी चीज का निर्माण नहीं हो सकता ।''

अथवा

(इ) ''वह कड़ी जो हमें आसपास की दुनिया से जोड़ती है, जो हमें जीने का झूठा अर्थ देती है, यह कड़ी इस क्षण अचानक टूट गई है । इसके टूटने के संग हम बिलकुल अकेले हो जाते हैं, सर्वथा मुक्त ।''

(२) पत्रकारिता

१ पत्रकारिता की परिभाषा देकर उसके प्रकारों को स्पष्ट कीजिए । १६

अथवा

१ समाचार किसे कहते हैं ? समाचार संकलन के विविध स्रोतों (sources) का परिचय दीजिए । १६

२ किन्हीं **दो** विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : १४

(अ) रूपक

(ब) रेडियो और दूरदर्शन पत्रकारिता

(क) साक्षात्कार ।

३ गांधीयुगीन पत्रकारिता की विकास यात्रा पर प्रकाश डालिए । १६

अथवा

३ हिन्दी की साहित्यिक पत्र–पत्रिकाओं के इतिहास पर प्रकाश डालिए । १६

४ किन्ही **दो** विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए : १४

(अ) उदन्त मार्तण्ड

(ब) सरस्वती

(क) नागरी प्रचारिणी पत्रिका

५ निम्नांकित में से किन्हीं **दस** शब्दों के हिन्दी में पारिभाषिक शब्द लिखिए : १०

Alignment	Dead line	Free lance
Binding	Desk man	Front page
Blank space	Editorial	Glazed paper
Caption	Feature	Column
Copy Right	Format	Compositer.